**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**20.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

**'' मुख्य समाचार''**

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बीआरओ और सेना अधिकारियों को सीमा विकास परियोजनाओं में तेज़ी लाने के दिए निर्देश।
- तुर्किए के सेब आयात को बंद करने की मांग को लेकर संयुक्त किसान मंच ने राज्यपाल के माध्यम से राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन।
- दृष्टिबाधित संघ ने बैकलॉग कोटे की भर्तियों की मांग को अनदेखा करने का राज्य सरकार पर लगाया आरोप।
- पूर्व मंत्री व विधायक बिक्रम ठाकुर ने वर्तमान राज्य सरकार को हर मोर्चे पर विफल करार दिया।

**अब समाचार विस्तार से..........**

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिह सुक्खू ने आज शिमला में सेना अधिकारियों और बीआरओ के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने अधिकारियों के साथ विभिन्न सीमा विकास परियोजनाओं की समीक्षा की और उन्हें इन परियोजनाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों व सैन्य बलों को लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी नई दिल्ली दौरे के दौरान वह केंद्र सरकार के समक्ष हिमाचल स्काउट बटालियन की स्थापना का मामला उठाएंगे। उन्होंने कहा कि स्थानीय युवा क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों से भली–भांति परिचित है इसलिए स्थानीय युवाओं का यह विशेष बल राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में किसी भी स्थिति से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए स्पीति घाटी के रंगरीक में हवाई अड्डा स्थापित करने का मामला भी केंद्र के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र में चल रही विभिन्न सड़क परियोजनाओं पर विचार–विमर्श किया और बीआरओ को परियोजनाओं को पूरा करने में सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि निथलथाच–हर्षिल सड़क परियोजना को सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण परियोजना घोषित किया जाएगा और इससे हिमाचल प्रदेश व उत्तराखंड के बीच बेहतर संपर्क सुविधा सुनिश्चित होगी, जिससे पर्यटन और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने सीमा सड़क संगठन को संसारी–किलाड़–थिरोट–तांदी सड़क के निर्माण कार्य में तेजी लाने और इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बेहतर सड़क सम्पर्क सुविधा उपलब्ध करवाने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री आगामी 10 जून को किन्नौर जिला के शिपकी–ला से सीमा पर्यटन गतिविधियों का शुभारंभ करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने रक्षा मंत्रालय से राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र लेप्चा, शिपकी–ला, गिउ और रानी कंडा में पर्यटन गतिविधियों की अनुमति प्रदान करने का आग्रह किया था और इस संबंध में रक्षा मंत्रालय से स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस मौके पर उत्तर भारत क्षेत्र के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल जी.डी. मिश्रा ने मुख्यमंत्री को अवगत करवाया कि सेना इस क्षेत्र में सेब प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित करेगी। इस दौरान बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

**प्रतिनिधिमंडल**

तुर्कीए के सेब आयात को बंद करने की मांग प्रदेश में लगातार ज़ोर पकड़ रही है। शिमला ज़िला के कोटखाई क्षेत्र के थरौंक के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से भेंट कर तुर्किए के सेब आयात पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का मुदद्ा केन्द्र सरकार की समक्ष उठाने सहित अन्य मांगे भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखी। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की जायज मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार का आश्वासन दिया।

**किसान मंच**

इस बीच हिमाचल प्रदेश संयुक्त किसान मंच ने आज शिमला स्थित राजभवन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भेंट कर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तुर्किए के सेब आयात पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने को लेकर एक ज्ञापन भेजा है। किसान मंच के अध्यक्ष हरीश चौहान ने कहा कि तुर्कीए के सेब आयात होने से हिमाचल, उत्तराखंड और जम्मू–कश्मीर के बागवानों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि तुर्कीए से सेब आयात पर केन्द्र सरकार को तुरंत प्रतिबंध लगाना चाहिए।

***तर्की जो है एक ऐसा देश है जिससे भारत में सबसे ज़्यादा सेब आयात होता है। 800 करोड़ से लेकर 1000 करोड़ की आर्थिकी की सेब की वो भारत से लेता है। यानि भारत में सेब निर्यात कर हमारा पैसा दुश्मन देश की मदद के लिए लेता है। और आज जो हम महामहिम राज्यपाल महोदय को मिले हैं हमने महामहिम के माध्यम से आदरणीय प्रधानमंत्री महोदय के लिए ज्ञापन भेजा है और महामहिम राष्ट्रपति महोदय को ज्ञापन भेजा है की तत्काल प्रभाव से दुश्मन देश के साथी दुश्मन देश का सारा आयात निर्यात तत्काल बंद कर दिया जाए। जिसमे की हम हिमाचल प्रदेश के किसानों बागवानों को भी सेब के रूप में निश्चित रूप से फायदा होगा।***

**राजीव भारद्वाज**

कांगड़ा लोकसभा क्षेत्र से सांसद डॉक्टर राजीव भारद्वाज ने दिल्ली में केन्द्रीय गृह मंत्री अमितशाह से भेंट कर हिमाचल प्रदेश से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। राजीव भारद्वाज ने बताया कि केन्द्रीय मंत्री के समक्ष हिमाचल प्रदेश की सुरक्षा सीमाओं को लेकर विचार–विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि चंबा ज़िला जम्मू–कश्मीर से लगता क्षेत्र है और यहां पैरामिलिट्री फोर्स ट्रेनिंग सेंटर स्थाई रूप से खोलने की आवश्यकता है। राजीव भारद्वाज ने डलहौजी व चुराह के सीमावर्ती क्षेत्रों में सेवाएं दे रहे एसपीओ के मानदेय को बढ़ाने की मांग भी केन्द्रीय मंत्री के समक्ष रखी। केन्द्रीय मंत्री अमितशाह ने सांसद की सभी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार का आश्वासन दिया।

**तिरंगा यात्रा**

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर देश सहित प्रदेश में भी भारतीय जनता पार्टी द्वारा विभिन्न स्थानों में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। इसी कड़ी में ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के जवानों के शौर्य के सम्मान में शिमला बार एसोसिएशन द्वारा आज कोर्ट परिसर में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सांसद सुरेश कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने भारतीय सेना के पराक्रम, बलिदान और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि हम सभी का कर्तव्य है कि हम सैनिकों के सम्मान और गौरव को समाज के हर स्तर तक पहुंचाए। सुरेश कश्यप ने शिमला बार एसोसिएशन की इस पहल को अत्यंत प्रेरणादायक बताया। उधर कुल्लू के ढालपुर के मैदान में भी सिटीजन फॉर नेशनल सिक्योरिटी के बैनर तले तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न संस्थाओं से जुड़े पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। सिटिजन फॉर नेशनल सिक्योरिटी के संयोजक नरोत्तम ठाकुर ने बताया कि देश की सेना के साहस को देखते हुए इस तरह की तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बारे में भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

**दृष्टिबाधित संघ**

बैकलॉग कोटे की भर्तियों की मांग को लेकर एक बार फिर से दृष्टिबाधित संघ ने शिमला में राज्य सचिवालय के बाहर चक्का जाम किया। दृष्टिबाधित संघ को शिमला में आंदोलन करते हुए 5 सौ 81 दिन हो गए हैं लेकिन सरकार इनकी मांगो को अनदेखा कर रही है जिसके चलते दृष्टिबाधित संघ बार बार सचिवालय के बाहर चक्का जाम कर रहा है। संघ के सदस्य लक्की ने बताया कि सरकार से कई दौर की वार्ता के बाद भी परिणाम सकारात्मक नहीं आए हैं और सरकार जबतक बैक लॉग कोटे की भर्तियां नहीं करती है तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

बाइट...... लक्की.... सदस्य दृष्टिहीन संघ––

***581 दिन से हम दिन रात परेशान हो रहे हैं, कई तरह की प्रॉबलमों का हमें सामना करना पड़ रहा हैं। लेकिन सरकार हमें हमेशा कभी 15 दिन का समय देती है, कभी 1 महीने का समय देती है, कभी 2 महीने का समय देती है। इस बार हम किसी भी अधिकारी से अंदर जाकर वार्तालाप नहीं करेंगे । मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुखु जी, अगर खुद हमें अंदर मीटिंग के लिए बुलाते हैं और सीए साहब को साथ मौजूद रखते हैं तभी हम मीटिंग के लिए जाएंगे । उन्होंने हमसे हमेशा झूठे वादे किए है और झूठी तारीख दी है । आज से पहले जितनी भी मीटिंगे हुई, वो सिर्फ निरंतर हमारे अंदोलन को हटाने के लिए की गई है।***

**बिक्रम ठाकुर**

पूर्व मंत्री व भाजपा विधायक बिक्रम ठाकुर ने वर्तमान राज्य सरकार को हर मोर्चे पर विफल करार दिया है। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने जनता से किए किसी भी वायदे को पूरा नहीं किया है और समाज का हर वर्ग सरकार की कार्य प्रणाली से परेशान है। बिक्रम ठाकुर ने कहा कि ज़िला परिषद कर्मचारियों की नियमितिकरण की मांग पूरी नहीं की गई है और पंचायत चौकीदारों, सिलाई अध्यापकों और ग्राम केन्द्र सेवकों का मानदेय पिछले 5 महीने से नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि सरकार की खस्ताहालत इस बात से उजागर हो गई है कि खर्च नहीं कए गए धन को वापिस करने की अधिसूचना जारी की गई है।

***सुक्खू सरकार हर किसी प्लेटफार्म के ऊपर फेल हुई है सितंबर 2022 से जिला परिषद कैडर के कर्मचारियों का नियमितीकरण नहीं हुआ है। उनका जो डी ए है वो फ्रिज कर दिया गया है। ये जो सरकार बोलती थी कि हम सब वर्गों का ध्यान रखेंगे, आज स्थिति ये है कि ग्राम केंद्र सेवक ,शिलाई अध्यापक, पंचायत चौकीदार, इनका जो मानदेय है वो पिछले 5 महीनों से नहीं मिला यह बोला जा रहा है कि हम हर वर्ग का ध्यान रख रहे हैं और हर बार के ध्यान में सबसे छोटी इकाई पंचायत चौकीदार होती है जिन चौकीदारों में 10 वर्षों का कार्यकाल पूरा कर लिया है उनको भी रेगुलर नहीं किया जा रहा और 900 के करीब पंचायत चौकीदारों के पद जो है वह खाली पड़े हुए हैं।***

**रोहित ठाकुर**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश में शिक्षा के साथ–साथ खेलों को बढ़ावा दिया जाएगा ताकि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। शिक्षा मंत्री ने आज शिमला स्थित राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पोर्टमोर में हिमाचल स्कूल खेल संघ द्वारा 68वें राष्ट्रीय स्कूल खेलों के विजेताओं के लिए आयोजित विजेता सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। रोहित ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने के हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में राज्य सरकार ने स्कूल स्पोर्टस एसोसिएशन को एक करोड़ रूपये की राशि स्पोर्टस ग्रांट के रूप में उपलब्ध करवाई है।

**केवल सिंह पठानिया**

उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश नॉर्वे के सफल और समावेशी पर्वतीय विकास मॉडल को अपनाएगा। नॉर्वेजियन संसद के दौरे के दौरान उन्होंने कहा कि हिमाचल और नॉर्वे दोनों में पहाड़ी भौगोलिक परिस्थितियां, प्राकृतिक सुंदरता और जल संसाधनों की समानताएं हैं। केवल सिंह पठानिया ने हिमाचल में पंचायतों और खंड स्तर की संस्थाओं को मज़बूत करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश सतत पर्यटन की दिशा में आगे बढ़ेगा और नॉर्वे के वर्षभर चलने वाले ईको टूरिज्म का अध्ययन कर इसे अपनाएगा। पठानिया ने नॉर्वे की सुरंग निर्माण तकनीक, इलैक्ट्रिक वाहनों, कचरा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि हिमाचल इन क्षेत्रों में वैज्ञानिक योजना और सार्वजनिक निजी साझेदारी को अपनाकर लाभ उठा सकता है।

## ''मुख्य समाचार एक बार फिर''

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बीआरओ और सेना अधिकारियों को सीमा विकास परियोजनाओं में तेज़ी लाने के दिए निर्देश।
- तुर्किए के सेब आयात को बंद करने की मांग को लेकर संयुक्त किसान मंच ने राज्यपाल के माध्यम से राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन।
- दृष्टिबाधित संघ ने बैकलॉग कोटे की भर्तियों की मांग को अनदेखा करने का राज्य सरकार पर लगाया आरोप।
- पूर्व मंत्री व विधायक बिक्रम ठाकुर ने वर्तमान राज्य सरकार को हर मोर्चे पर विफल करार दिया।